## कक्षा - 6वीं

## विषय - सामाजिक विज्ञान

### दक्षता 1 - पहचानना एवं समझना

**विवरण -** ग्लोब में अक्षांश, देशांतर, भूमध्य रेखा, ध्रुव आदि को पहचानता है।


1. ग्लोब का आकार होता है

   (अ) गोल (ब) चौकोर (स) लंबा (द) त्रिकोण

2. उत्तर के साथ दक्षिण दिशा बोलते हैं, तो पूर्व के साथ कौन-सी दिशा बोली जाएगी -

   (अ) उत्तर (ब) दक्षिण (स) पूर्व (स) पश्चिम

3. तीर के निशान वाली कौन-सी दिशा है-




   (अ) उत्तर-पश्चिम (ब) दक्षिण-पश्चिम (स) उत्तर-पूर्व(द) दक्षिण पूर्व

4. ध्रुव तारे से किस दिशा का ज्ञान होता है -

   (अ) दक्षिण (ब) पश्चिम (स) उत्तर (द) पूर्व

5. नक्शे में पैमाना लिया जाता है -

   (अ) दूरी के लिए (ब) मोटाई के लिए

   (स) चौड़ाई के लिए (द) ऊँचाई के लिए

## दक्षता 2 - अवलोकन एवं वर्णन करना

**विवरण -** अपने परिवेश (क्षेत्र) की संस्कृति की विशेषताओं का वर्णन कर पाता है।

1.  इस चित्र में दिखाई दे रहा है -

(अ) घर, टेबल, बिजली खंभा (ब) पेड़, हैण्डपंप, घर

(स) घड़ा, कुलर, खिड़की (द) श्यामपट, कुर्सी, पेड

2. नांदिया बईला व जाता पोरा मिट्टी के खिलौने का पर्व है -

(अ) हरेली (ब) तीजा पोरा

(स) छेरछेरा (द) शिवरात्रि

3. छत्तीसगढ़ के प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध है -

(अ) राजीम (ब) चम्पारण

(स) रतनपुर (द) गिरौदपुरी

4. तीजन बाई व ऋतु वर्मा किस विधा में प्रसिद्ध हैं -

(अ) पंडवानी (ब) करमा

(स) ददरिया (द) सुवागीत

5. ठेठरी, खुरमी, गुलगुला भजिया, मुठिया व्यंजंन है -

(अ) राजस्थान का (ब) महाराष्ट्र का

(स) पंजाब का (द) छत्तीसगढ़ का

## दक्षता 3 - अंतर करना, कारण ढूँढना

**विवरण -** अपने चारों ओर की मानव विविधता (वर्तमान व पूर्वजों के रहन-सहन) आदि में अंतर करता है।

1. हमारे पूर्वजों का पहनावा था -

   (अ) धोती, कुर्ता (ब) जींस, शर्ट

   (स) कोट, सूट (द) पैंट, शर्ट

2. थर्ड जेण्डर के साथ हमें व्यवहार करना चाहिए -

   (अ) सम्मान जनक (ब) घृणा

   (स) अपमान (द) भेदभाव

3. पहले कच्चे घर किससे बनाये जाते थे -

   (अ) मिट्टी, घास, पूस से (ब) पत्थर, सीमेंट

   (स) छड़, सीमेंट (द) गिट्टी, मार्बल

4. नागरिकता का अधिकार प्राप्त है -

   (अ) केवल पुरूषों को (ब) केवल महिलाओं को

   (स) केवल ट्रांस जेण्डर को (द) सभी को

5. आपकी कक्षा में दिव्यांग बच्चा है तो आप उनके साथ व्यवहार करेंगे -

   (अ) उससे घृणा करेंगे (ब) उससे अच्छा व्यवहार करेंगे।

   (स) उससे झगड़ा करेंगे (द) उसे चिढ़ायेंगे

## दक्षता 4 - मानचित्र में अंकित करना, चित्र बनाना (अनुप्रयोग)

**विवरण -** भारत की भौगोलिक विशेषताओं पर्वत, पठार, मैदान आदि को मानचित्र में अंकित कर पाता है।

1. मानचित्र में नीला रंग का उपयोग होता है -

(अ) जल के लिए (ब) मैदानों के लिए

(स) पठारों के लिए (स) पर्वतों के लिए

2. भौतिक मानचित्र में होता है -

(अ) राज्य, राजधानी (ब) पर्वत, पठार

(स) सड़क, वन (द) मैदान, उद्योग

3. दिक्सूचक यंत्र से पता लगाया जा सकता है-

(अ) दिशाओं का (ब) पर्वतों का

(स) वार्डो का (द) गहंवों का

4. मैदान के लिए मानचित्र में रंग का प्रयोग किया जाता है -

(अ) पीला (ब) हरा

(स) काला (द) नीला

5.  इस प्रतीक चिन्ह का उपयोग किया जाता है -

(अ) पर्वत के लिए (ब) पठार के लिए

(स) पेड़ के लिए (द) मैदान के लिए

## दक्षता 5 - प्रस्तुतीकरण एवं व्याख्या करना

**विवरण-** पंचायत, नगर पालिका एवं स्थानीय शासन के कार्यों की व्याख्या कर पाता है।

1. गाँव के वार्ड से चुना गया व्यक्ति पंच कहलाता है, वैसे ही शहर के वार्ड से चुना गया व्यक्ति कहलाता है -

    (अ) सरपंच  (ब) महापौर

    (स) पार्षद  (द) पंच

2. नगर निगम का मुखिया महापौर होता है तो पंचायत का मुखिया होता है -

    (अ) सचिव  (ब) सरपंच

    (स) उपसरपंच  (द) पंच

3. ग्राम पंचायत के कार्यों का लेखा-जोखा रखता है-

    (अ) सरपंच  (ब) पंच

    (स) सचिव  (द) पार्षद

4. पंच या पार्षद बनने के लिए कम से कम आयु होनी चाहिए -

    (अ) 20 वर्ष  (ब) 21 वर्ष

    (स) 22 वर्ष  (द) 25 वर्ष

5. शहरों में सफाई, पानी, बिजली की सुविधा प्रदान करता है -

    (अ) ग्राम पंचायत  (ब) जनपद पंचायत

    (स) जिला पंचायत  (द) नगर-निगम

**कक्षा - 7वीं**

**विषय - सामाजिक विज्ञान**

**दक्षता 1- परिचित होना, स्मरण करना एवं समझना**

**विवरण -** प्राकृतिक आपदाओं से परिचित है। बाढ़, भूकंप एवं सूखा को समझता है।

1. भूकंप एक आपदा है -

(अ) जलीय (ब) वायुमंडलीय

(स) प्राकृतिक (द) महामारी

2. सुनामी है -

(अ) एक ज्वालामुखी (ब) सूर्य की भीषण गर्मी

(स) विनाशकारी समुद्री लहर (द) नदियों में बाढ़ आना

3. बाढ़ आने का मुख्य कारण है -

(अ) जल की अधिकता (ब) वर्षा का न होना

(स) जल की कमी (द) भूकंप का आना

4. सूखे से बचाव का तरीका है -

(अ) बाढ़ आना (ब) नदियों को आपस में जोड़ देना

(स) वर्षा के जल को संग्रहित करना (द) पड़ों का अत्यधिक कटाव होना

5. नदी के किनारे वृक्षों के होने से क्या लाभ होता है -

(अ) अंधेरा होता है।

(ब) बादल आकर्षित होते है और वर्षा होती है।

(स) मिट्टी का कटाव होता है।

(द) नदी में पानी कम होता है।

## दक्षता 2 - खोज करना एवं वर्गीकृत करना, संवेदनशीलता

**विवरण -** अपने आस-पास की वनस्पति, जीव-जन्तु, जल आदि के संरक्षण के उपायों को खोज पाता है।

1. स्लोगन को पूरा करो -“............. ही जीवन है।”

(अ) वन (ब) थल

(स) जल (द) वायु

2. हमें वनों की सुरक्षा करनी चाहिए क्योंकि -

(अ) वन हमें प्राण वायु एवं औषधि प्रदान करता है।

(ब) वनों में जंगली जानवरों का राज होता है।

(स) वन संरक्षण सरकारी दायित्व है।

(द) क्योंकि वन सरकारी होते है।

3. आप वायु प्रदुषण को कम कर सकते है -

(अ) पेड़ काटकर (ब) पेड़ लगाकर

(स) वाहनों का प्रयोग कर (द) फटाके जलाकर

4. कांटेदार झांड़िया पाई जाती है -

(अ) हिमाचल प्रदेश में (ब) केरल में

(स) राजस्थान में (द) असम में

5.  चित्र दर्शाता है

(अ) जल संरक्षण (ब) वायु संरक्षण

(स) थल संरक्षण (द) वन संरक्षण

**दक्षता - 3 विभेदीकरण, तुलना करना एवं व्याख्या करना**

**विवरण -** जीवन में आया बदलाव आदिवासी, चरवाहा, घुमक्कड़ आदि के सम्बन्ध में भेद एवं व्याख्या कर पाता है।

1. जीवन-यापन के लिए एक जगह से दूसरी जगह घूमते रहने वाले कहलाते थे-

(अ) व्यापारी (ब) घुमक्कड़

(स) वैधराज (द) दर्जी

2. पशु चराने वाले कहलाते है -

(अ) चरवाहा (ब) आदिवासी

(स) धुमक्कड़ (द) सन्यागी

3. पहले गांव की समस्याओं का समाधान करते थे -

(अ) पटवारी (ब) मुखिया

(स) गौटिया (द) कारीगर

4. प्राचीन काल में आदि मानव घर के रूप में उपयोग करता था -

(अ) गुफाओं का (ब) पुल के नीचे के स्थान का

(स) पक्के मकानों का (द) बहुमंजिला मकानों का

5. किसानों द्वारा दिया जाने वाला कर कहलाता है -

(अ) शुल्क (ब) वेतन

(स) मजदूरी (द) लगान

**दक्षता 4 - क्रमबद्धता, सर्वेक्षण करना, वर्णन करना एवं प्रश्न पूछना**

**विवरण-** चुनाव प्रक्रिया का क्रमबद्ध वर्णन कर पाता है।

**1.** शुभम कक्षा 7वीं में पढ़ता है वह मतदान नहीं कर सकता है, क्योंकि-

(अ) वह लड़का है|
(ब) वह 18 वर्ष से कम है|
(स) वह गाँव में रहता है|
(द) वह मतदान नहीं करना चाहता|

2. इनमें से कौन-कौन मतदान कर सकता है -

| **क्र.** | **नाम** | **उम्र** |
|---|---|---|
| 1 | राजू | 12 |
| 2 | मीता | 22 |
| 3 | गीता | 21 |
| 4 | सोमु | 18 |
| 5 | सीमा | 7 |

(अ) राजू, मीता, सोमु (ब) गीता, मीता, सोमु

(स) मीता, गीता, सोमु (द) राजू, सोमु, सीमा

3. चुनाव प्रक्रिया का सही क्रम होगा -

(अ) नामांकन ➞ मतदान ➞ चुनाव परिणाम

(ब) मतदान ➞ नामांकन ➞ चुनाव परिणाम

(स) चुनाव प्रचार ➞ नामांकन ➞ चुनाव परिणाम

(द) चुनाव परिणाम ➞ नामांकन ➞ चुनाव प्रचार

4. आप अपने वार्ड के पंच/पार्षद का चुनाव नहीं लड़ सकते क्योंकि आपकी उम्र होनी चाहिए -

(अ) 15 वर्ष (ब) 17 वर्ष

(स) 20 वर्ष (द) 21 वर्ष

5. प्रत्येक वार्ड अपना एक प्रतिनिधि चुनते है, उसे कहते है -

(अ) सरपंच (ब) उपसरपंच

(स) पार्षद (द) सचिव

**दक्षता - 5 विश्लेषण करना, अभिमत देना, चर्चा करना**

**विवरण -** संचार के साधन- दूरदर्शन, रेडियो, मोबाइल, इंटरनेट आदि का विश्लेषण कर पाता है एवं विज्ञापनों में अपनी राय देता है।

1. जनसंपर्क का संबध है -

(अ) जनता से (ब) पशु से

(स) मिट्टी से (द) वन से

2. प्रिंट मीडिया है -

(अ) समाचार पत्र (ब) टेलीफोन

(स) रेडियो (द) मोबाईल

3.  यह चित्र कौन-सा विज्ञापन दर्शाता है -

(अ) बालिका शिक्षा (ब) बालक शिक्षा

(स) बालक-बालिका (द) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

4. टेलीविजन उदाहरण है -

(अ) केवल दृश्य (ब) केवल सुनना

(स) दृश्य व श्रव्य (द) लिखित

5. विज्ञापन कैसा होना चाहिए-

(अ) आकर्षक (ब) उबाऊ

(स) खराब (द) ठीक-ठीक

**कक्षा - 8वीं**

**विषय - सामाजिक विज्ञान**

**दक्षता 1- समझना, सूची बनाना, वर्गीकृत करना, विवेचना करना**

**विवरण -** प्राकृतिक एवं मानव निर्मित संसाधनों की सूची बनाकर विवेचना कर पाता है।

1. प्राकृतिक संसाधन है -

(अ) जल, मृदा, वन (ब) मकान, झरना, मोबाईल

(स) वन, टी.वी., साईकिल (द) सड़क, पुल, जल

2. मानव निर्मित संसाधन है -

(अ) जल, भूमि (ब) नदी, झरने

(स) खनिज, वायु (द) मकान, पुल

3. प्राकृतिक संसाधन नहीं है -

(अ) मृदा (ब) खनिज

(स) उद्योग (द) वन

4. जैव संसाधन है -

(अ) मनुष्य (ब) मृदा

(स) चट्टान (द) खनिज

5. संसाधनों के संरक्षण का तरीका है, उनका

(अ) निरंतर उपयोग (ब) अधिकतम

(स) पुनः चक्रण (द) नष्ट करना

## दक्षता 2 - अंतर करना, पहचानना, वर्णन करना

**विवरण -** अपने क्षेत्रों की प्रमुख फसलों (रबी, खरीफ) में अंतर एवं वर्णन करता है।

1. रबी फसल है -

(अ) चावल, ज्वार (ब) गेहूँ, चना

(स) चावल, गेहूँ (द) मक्का, चावल

2. छत्तीसगढ़ की प्रमुख फसल है -

(अ) गेहूँ, (ब) उड़द

(स) धान (द) मक्का

3. छत्तीसगढ़ के लोगों का मुख्य व्यवसाय है -

(अ) कृषि (ब) व्यापार

(स) मछली पालन (द) पशु पालन

4. खरीफ फसले काटी जाती है -

(अ) जुलाई-अगस्त (ब) अक्टूबर-नवम्बर

(स) मार्च-अप्रैल (द) जनवरी-फरवरी

5. वर्षा ऋतु में और शीत ऋतु में बोयी जाने वाली फसल हैं-

(अ) चावल, गेहूँ (ब) चना, मसूर

(स) मटर, सरसो (द) जौ, आलू

**दक्षता 3 - समस्याओं को पहचानना, सुझाव देना, विश्लेषण करना, विचार व्यक्त करना**

**विवरण** - भारत की आज़ादी के लिए किये गए महत्वपूर्ण आन्दोलनों एवं घटनाओं का विश्लेषण करता है। गतिविधि के माध्यम से मंचन करना।

1. भारत स्वतंत्र हुआ था -

   (अ) 1945 (ब) 1946

   (स) 1947 (द) 1948

2. स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई कहाँ की थी -

   (अ) भोपाल (ब) रायपुर

   (स) झांसी (द) कोलकाला

3. छत्तीसगढ़ के सोनाखान के स्वतंत्रता सेनानी थे -

   (अ) हनुमान सिंह (ब) वीर नारायण सिंह

   (स) लक्ष्मीबाई (द) मंगलपांडे

4. "लौह पुरूष" के नाम से जाने जाते हैं -

   (अ) महात्मा गाँधी (ब) पं.जवाहर लाल नेहरू

   (स) सुभाष चंद्र बोस (द) सरदार वल्लभ भाई पटेल

5. "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा" यह नारा है -

   (अ) सुभाषचंद्र बोस (ब) महात्मा गाँधी

   (स) सरदार वल्लभ भाई पटेल (द) बाल गंगाधर तिलक

## दक्षता 4 - अंतर एवं तुलना करना, चुनौतियाँ पहचानना एवं समाधान करना, कल्पनाशीलता

**विवरण** - केंद्र सरकार (प्रधानमंत्री) राज्य सरकार (मुख्यमंत्री) के अंतर को समझता है एवं चुनौतियाँ पहचान कर समाधान कर पाता है।

1. प्रधानमंत्री होते हैं -

(अ) राज्य की सरकार (ब) केंद्र की सरकार

(स) स्थानीय सरकार (द) विधायक

2. स्लोगन पूरा कीजिए "गढ़बो नवा............................।"

(अ) छत्तीसगढ़ (ब) पंजाब

(स) तमिलनाडु (द) गुजरात

3. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बनाएं गये नियम कहाँ लागू होगें -

(अ) रायपुर (ब) भोपाल

(स) मुंबई (द) कोलकाता

4. नरवा, घुरवा, गरुवा, बाड़ी कौन-सी सरकार द्वारा चलाया गया अभियान है-

(अ) असम (ब) उड़ीसा

(स) छत्तीसगढ़ (द) तेलगांना

5 . स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छता अभियान चलाया गया है -

(अ) मुख्यमंत्री द्वारा (ब) प्रधानमंत्री द्वारा

(स) राज्यपाल (द) राष्ट्रपति द्वारा

**दक्षता 5 - गतिविधि करना, प्रयोग करना, खोजना, नक्शा एवं चित्र बनाना**

**विवरण -** मानचित्र में पड़ोसी देश, राज्य, राजधानी आदि को खोज कर अंकित कर पाता है।

1. छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे पड़ोसी राज्य है -

(अ) महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा

(ब) केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू

(स) उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र

(स) असम, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश

2. भारत के दक्षिण में समुद्र तट से लगा हुआ कौन-सा पड़ोसी देश है -

(अ) भूटान (ब) नेपाल

(स) श्रीलंका (द) पाकिस्तान

3. नक्शे में दिए गए संकेत होते है -

(अ) राज्य के लिए एक समान

(ब) पूरे विश्व के लिए एक समान

(स) अलग-अलग देश के लिए अलग-अलग

(द) हर राज्य का अलग-अलग

4. पश्चिम बंगाल है -

(अ) भारत का पड़ोसी देश (ब) भारत का एक राज्य

(स) राजधानी (द) केन्द्र शासित प्रदेश

5.




1. रायपुर जिले के उत्तर में जिला है-

(अ) दुर्ग (ब) धमतरी

(स) बलौदा बाज़ार (द) बालोद